दिनांक 9 अक्टूबर 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कचरा फैलाने वाले 9 दुकानदारों से वसूला गया 2100 रुपए जुर्माना, निगम की टीम ने की कार्रवाई

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कचरा फैलाने वाले दुकानदारों को समझाई देते हुए उनसे जुर्माना वसूल किया गया! स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में भिलाई को नंबर वन पर लाने की कयावद प्रारंभ कर दी गई है! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव एवं निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने स्वच्छता के प्रत्येक मापदंड पर खरा उतरने के निर्देश अधिकारियों को दिए हुए हैं! इसी तारतम्य में कचरा फैलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है! जोन क्रमांक 1 के जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि की टीम ने आज वार्ड क्रमांक 3 नेहरू नगर ओवरब्रिज के नीचे, वार्ड क्रमांक 4 राधिका नगर के वेंकटेश्वर टॉकीज के समीप तथा वार्ड क्रमांक 6 आकाशगंगा सब्जी मंडी के पास निरीक्षण करते हुए अव्यवस्थित तरीके से ठेला लगाकर गंदगी फैलाने वाले 9 लोगों से जुर्माना वसूल किया! दुकानदार संतोष से 500 रुपए, प्रमोद कुमार से 300 रुपए, गौरव साहू से 200 रुपए, चंदन वर्मा से 300 रुपए, योगेंद्र बंछोर से 200 रुपए, मैष कुमार से 200 रुपए, अजीत से 100 रुपए, कृपाल देवांगन से 200 रुपए एवं पूजा बाई से 100 रुपए का जुर्माना वसूल किया तथा समझाइश दी गई कि कचरा न फैलाएं! कार्रवाई के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना एवं उनकी टीम मौजूद रही!